# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 29.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. कैबिनेट ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की नई नियमावली को दी मंजूरी, क्षेत्रीय भाषाओं के विवाद पर कमिटी करेगी विचार।
2. सड़क हादसों में जान गंवाने वालों के परिजनों को अब मिलेगा 4 लाख का मुआवजा, राज्य आपदा प्रबंधन की बैठक में मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में फल–सब्जी विक्रेताओं को बांटे 50 हजार की लागत वाले मुफ्त नमो स्टॅाल, छोटे व्यापारियों के सशक्तीकरण पर दिया जोर।
4. रांची समेत राज्य में हुई बारिश से तापमान में गिरावट, अगले पांच दिनों तक बारिश, वज्रपात और आंधी की चेतावनी।
5. रांची के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में अस्मिता लीग का भव्य समापन, 400 बालिकाओं ने छह खेलों में दिखाया अपना दम।

****************************

राज्य सरकार ने रांची को दो नए फ्लाईओवर की सौगात दी है। कल हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में करमटोली–साइंस सिटी और अरगोड़ा–डिवडीह फ्लाईओवर के निर्माण के लिए करीब 820 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। लगभग तीन किलोमीटर से ज्यादा लंबे इन दोनों फ्लाईओवरों का निर्माण झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार करेगा।

राज्य कैबिनेट ने जे–टेट नियमावली 2026 को भी अपनी स्वीकृति दे दी है। हालांकि, भोजपुरी, मगही और अंगिका जैसी भाषाओं को फिलहाल क्षेत्रीय सूची में शामिल नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन भाषाओं पर विचार करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का निर्देश दिया है।

****************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में आम जनता के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। अब राज्य में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को एक लाख के बजाय चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारियों की सेवा अवधि वर्ष 2026–27 तक बढ़ाने और युवा आपदा मित्र स्वयंसेवकों को सीधे इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, बचाव कार्यों के लिए राज्य में गोताखोरों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

****************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के **जगुआर कैंपस** में बन रहे विशेष विद्यालय को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों के बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस विद्यालय के माध्यम से शहीदों के परिजनों को संबल मिलेगा और उनके बच्चों को अपने ही परिसर में विश्वस्तरीय तालीम उपलब्ध होगी।

****************************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रांची में नमो स्टॅाल वितरण योजना का शुभारंभ किया। पहले चरण में पांच विक्रेताओं को करीब 50 हजार रुपये की लागत वाले स्टॅाल निःशुल्क दिए गए। श्री सेठ ने कहा कि इस पहल से छोटे दुकानदारों की आजीविका सुरक्षित और सशक्त होगी।

****************************

रांची में आयोजित राज्य स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार पेसा नियमावली को महज कागजों तक सीमित न रखकर अब धरातल पर मजबूती से लागू करेगी। मंत्री ने बताया कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक कोऑर्डिनेशन कमिटी का गठन किया जाएगा।

****************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में एयर एम्बुलेंस हादसे के पीड़ित परिवारों ने मुलाकात की। परिजनों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर सरकारी नौकरी और मुआवजे की मांग की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत संजय कुमार और ध्रुव कुमार के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

***************************

रांची में कल शाम भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला आक्रोश मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली गई इस यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने नारी सम्मान और अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। महिला आरक्षण बिल को रोकने के विरोध में इंडी गठबंधन के खिलाफ महिलाओं का जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। मौके पर मौजूद प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि नारी सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी।

***************************

रांची के मांडर में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, आईएचएम में पांचवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान से पास आउट हुए छात्र–छात्राओं को उनकी डिग्री और पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री सुदिव्य कुमार ने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं को होटल उद्योग की चुनौतियों और संभावनाओं के लिए तैयार रहने का संदेश दिया।

***************************

रांची के हटिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बरामद की है। प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर सघन जांच के दौरान एक लावारिस बैग से 15 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई। आरपीएफ ने बरामद शराब को कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को सौंप दिया है। पुलिस अब बैग मालिक की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

***************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुंबई में आयोजित नेशनल वर्ड पावर चैंपियनशिप में झारखंड के स्कूली बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई है। कक्षा 2 से 5 तक के इन छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने सफल छात्र–छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि झारखंड में मजबूत हो रही बुनियादी शिक्षा का प्रमाण है।

***************************

बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड के मौसम में बड़ा बदलाव आया है। राज्य के कई हिस्सों में हुई बारिश से तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक रांची, बोकारो और हजारीबाग समेत कई जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

***************************

रांची के मोरहाबादी स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जिला अस्मिता लीग का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, हॉकी और कुश्ती समेत छह खेलों में 400 बालिकाओं ने अपना दम दिखाया। मुख्य अतिथि चंचल भट्टाचार्य और रजनीश सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

***************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गये फैसलों की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** लिखता है– अरगोड़ा से हरमू और करमटोली से साइंस सिटी तक बनेगा ओवरब्रिज।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– जमशेदपुर– पलामू सहित पांच जिलों के एसपी के खाते में डाले ट्रेजरी के पैसे।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– प्रेमी के साथ मिल बेटी ने ही कर दी थी मां की हत्या, कब्र से निकाला गया शव।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– रिम्स में बिना मंजूरी एक करोड़ से अधिक के हुए टेंडर, होगी जांच।

***********समाप्त*************